संसद सदस्यों ने पंडित मदन मोहन मालवीय को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, **25** दिसम्बर, **2016:** केन्द्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री, श्री अनंतकुमार; कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री ,श्री एस एस अहलुवालिया तथा पूर्व उप प्रधानमंत्री और लोक सभा की आचार समिति के सभापति, श्री लालकृष्ण आडवाणी ने आज पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

पंडित मदन मोहन मालवीय को पुष्पांजलि अर्पित करने वाले अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों में संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे। लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र ने भी पंडित मदन मोहन मालवीय को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित पंडित मदन मोहन मालवीय के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

पंडित मदन मोहन मालवीय की देश के प्रति की गई असाधारण सेवा के सम्मान स्वरूप भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 19 दिसम्बर, 1957 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र का अनावरण किया था । भारत के राष्ट्रपति ने 24 दिसम्बर, 2014 को उन्हें मरणोपरांत सर्वोच्च असैनिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया ।